**भारत सरकार**
**वित्त मंत्रालय**
**आर्थिक कार्य विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 96**
**(जिसका उत्तर सोमवार दिनांक 01 दिसम्बर, 2025/10 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाना है)**

## "म्यूचुअल फंड्स"

**96. श्री नवीन जिंदलः**

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत दशक के दौरान देश में म्यूचुअल फंड में निवेश में 100 प्रतिशत से अधिक और पेंशन एवं इक्विटी में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या सावधि जमा, बचत और चालू खाता जमा में कमी आई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इन प्रवृत्तियों का अर्थव्यवस्था पर क्रमशः अल्पावधि, मध्यमावधि और दीर्घावधि में क्या संभावित प्रभाव पड़ेगा?

**उत्तर**
**वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

(क) और (ग): म्यूचुअल फंड, नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) के प्रबंधनाधीन आस्तियां (एसेट्स अंडर मैनेजमेंट) (एयूएम) और सूचीबद्ध कंपनियों के समग्र बाजार पूंजीकरण में वित्त वर्ष 2014-15 से 2024-25 के दौरान क्रमशः 508%, 1685% और 314% की वृद्धि हुई है। यह वृद्धि मुख्य रूप से सुदृढ़ वृहद-आर्थिक स्थिति, बेहतर कॉरपोरेट आय, प्रभावी विनियामक सुधार, बढ़ी हुई रिटेल भागीदारी और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के माध्यम से बेहतर पहुंच के कारण हुई है। इन घटनाक्रमों से पूंजी निर्माण को सुदृढ़ करने और आर्थिक वृद्धि को सहायता मिलने की संभावना है।

(घ) जी, नहीं।